दिन–गुरूवार दिनांक– 05/11/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विकसित भारत–जी राम जी योजना के क्रियान्वयन को लेकर पटना में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री चौधरी ने योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी, समय पर मजदूरी भुगतान और आधारभूत संरचनाओं के विकास को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। बैठक में योजनाओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से लागू करने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने और गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने के भी निर्देश दिए।

———————————————————

शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के वेतन और भत्तों के भुगतान में गड़बड़ी रोकने के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। विभाग के निदेशक–प्रशासन ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को शिक्षकों की पहचान, पदस्थापन, पदनाम, वेतन निर्धारण और बैंक खाते का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। आदेश के अनुसार, फर्जी, दोहरी और अनाधिकृत एचआरएमएस प्रविष्टियों की पहचान कर उनमें सुधार किया जाएगा। साथ ही वेतन विपत्र तैयार करने से पहले कर्मचारियों की सत्यापित सूची का कोषागार और सीएफएमएस के रिकॉर्ड से मिलान करना अनिवार्य होगा। विभाग ने वेतन और भत्तों की स्वीकृति, जांच तथा भुगतान में लापरवाही बरतने वाले संबंधित पदाधिकारियों की जवाबदेही भी तय करने का निर्देश दिया है।

———————————————————

विधान परिषद चुनाव के नतीजों की समीक्षा के लिए आज पटना में लोक सेवक आवास में एनडीए की बैठक होगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में गठबंधन के सहयोगी दलों के नेता शामिल होंगे। बैठक में चुनाव परिणामों की समीक्षा के साथ गठबंधन के बीच बेहतर समन्वय, संगठन की मजबूती और आगामी रणनीति पर चर्चा होने की संभावना है। साथ ही, सरकार और संगठन के बीच तालमेल

को और प्रभावी बनाने पर भी विचार–विमर्श किया जाएगा। इधर, विधान परिषद चुनाव परिणामों की समीक्षा के लिए पटना स्थित जदयू प्रदेश मुख्यालय में एक बैठक चल रही है। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समेत कई प्रमुख नेता शामिल हैं। बैठक में हार के कारणों, संगठन की मजबूती और गठबंधन की रणनीति पर मुख्य रूप से चर्चा होने की संभावना है।

———————————————————

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने वैदेही यादव की कप्तानी में महिला अंडर ट्वेंटी–थ्री टीम की घोषणा कर दी है। पन्द्रह सदस्यीय टीम चौदह से इक्कीस नवम्बर तक छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित होने वाली टी–ट्वेंटी क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेगी। वहीं, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए बिहार पुरूष सीनियर टीम का चयन ट्रायल पटना के मोईनुलहक स्टेडियम में चल रहा है। यह ट्रायल सात नवम्बर तक चलेगा।

———————————————————

गया हवाई अड्डे पर दस करोड़ रुपये मूल्य के गांजे के साथ दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। दोनों महिलाएं पंजाब की रहने वाली हैं और थाईलैंड से गया पहुंची थीं। हवाई अड्डे पर जांच के दौरान उनके पास से गांजे की खेप बरामद की गई। सुरक्षा एजेंसियां दोनों महिलाओं से पूछताछ कर तस्करी के नेटवर्क का पता लगाने में जुटी हैं।

———————————————————

कटिहार रेलवे स्टेशन और कटिहार–तेजनारायणपुर रेलखंड पर टिकट चेकिंग अभियान चलाकर एक सौ पांच बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया। इनसे छप्पन हजार रुपये से अधिक की राशि जुर्माने के रूप में वसूली गई।

———————————————————

भागलपुर जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर सैंतीस हजार लीटर से अधिक शराब के साथ तेरह तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

सुपौल जिले के भीमनगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने अठारह किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

सहरसा में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कई खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर सात सौ किलो नकली पनीर को नष्ट कर दिया। साथ ही कई दुकानों से मिठाई के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गये हैं।

———————————————————

गया जंक्शन पर आरपीएफ की टीम ने पॉकेटमार गिरोह की चार महिला सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

समाप्त